वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415 / 2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University
(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांक 2781 / प्रवेश /काउंसिलिंग / यू0टी0यू0 /2023, दिनांक: 26 /10/2023

अति महत्वपूर्ण

सेवा में,

निदेशक
समस्त सम्बद्ध / परिसर संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय।

विषयः सत्र 2023–24 हेतु प्रवेश पंजीकरण / रजिस्ट्रेशन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि AICTE के Revised Academic Calender तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय संस्थानों के अनुरोध के क्रम में सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के हित में नये प्रवेश से सम्बन्धित प्रवेश पंजीकरण / रजिस्ट्रेशन कार्य हेतु दिनांक 29.10.2023 से 30.10.2023 तक विश्वविद्यालय का ऑनलाइन पोर्टल (University Management System) खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः समस्त सम्बद्ध / परिसर सस्थानों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त वर्णित तिथियों में अपने – अपने संस्थानों में लम्बित नये प्रवेश सम्बंधी कार्य पूर्ण करे। विश्वविद्यालय का Academic Calender पूर्व की भांति यथावत लागू रहेगा। साथ ही समस्त संस्थान यह भी सुनिश्चित करेंगे कि नव – प्रवेशित छात्रों के पाठयक्रम पूर्ण करने के लिये आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाये संचालित कराते हुये छात्रों का शैक्षणिक हित संरक्षित रखा जायेगा।

यह भी सूच्य है कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के समयबद्ध संचालन एवं शैक्षणिक कैलेन्डर के अनुपालन हेतु उक्त तिथियों के बाद किसी भी दशा में विश्वविद्यालय के पोर्टल पर नया प्रवेश पंजीकरण / रजिस्ट्रेशन संभव नहीं होगा तथा किसी भी छात्र जिसका प्रवेश पंजीकरण / रजिस्ट्रेशन विश्वविद्यालय पोर्टल पर 30.10.2023 तक पूर्ण नहीं किया गया है उसे किसी भी दशा में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में पंजीकृत नहीं किया जायेगा, एवं संस्था स्तर पर ऐसे किसी भी प्रवेश के लिये विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

भवदीय

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01 निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0, देहरादून, के सूचनार्थ प्रेषित।
02 निजी सचिव सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
03 वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0,देहरादून ।
04 परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0,देहरादून ।
05 नोडल आफिसर, यू.एम.एस.को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
06 बेवमास्टर को उपरोक्त को सम्बधित संस्थाओं को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने हेतु।
07 कार्यालय प्रति।

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव